लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2936
10 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

सिवान लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कपड़ा उद्योग

2936. श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सिवान लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में हथकरघा, विद्युतकरघा और सिलेसिलाए वस्त्रों सहित वस्त्र उद्योग में रोजगार और निर्यात की अपार संभावना है;

(ख) क्या इस क्षेत्र के वस्त्र उद्यमों को कच्चे माल की उपलब्धता, आधुनिक प्रौद्योगिकी, वित्तीय सहायता और बाजार में उपलब्ध होने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) वर्ष 2019 से आज की तिथि तक सिवान लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित पंजीकृत वस्त्र इकाइयों की संख्या कितनी है और इनसे कितने रोजगार सृजित हुए हैं;

(घ) क्या वस्त्र मंत्रालय ने इस क्षेत्र में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई, टेक्सटाइल पार्क या किसी अन्य विशेष योजना का लाभ प्रदान किया है; और

(ङ) भविष्य में सिवान क्षेत्र में वस्त्र उद्योग के सतत विकास के लिए सरकार की समयबद्ध कार्य योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

(क) से (ङ): सरकार का मानना है कि वस्त्र और अपैरल क्षेत्र, जिसमें हथकरघा, पावरलूम और रेडीमेड गारमेंट्स शामिल हैं, में रोजगार सृजन और निर्यात वृद्धि की महत्वपूर्ण क्षमता है। सरकार देश भर में, विशेषकर सिवान लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित, वस्त्र क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं विपणन सहायता प्रदान करने तथा वस्त्र से संबंधित उद्योगों में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न अखिल भारतीय योजनाओं का संचालन कर रही है। वर्ष 2024-25 के दौरान सिवान जिले में कुल 61,911 वस्त्रों (हस्तशिल्प, मानव निर्मित यार्न, फैब्रिक्स, मेडअप्स आदि) का निर्यात दर्ज किया गया। ई-श्रम पोर्टल के अनुसार, सिवान, बिहार में अपैरल और वस्त्र से संबंधित उद्योग के तहत कुल 1,63,266 व्यक्तियों (6.3.2026 तक) का पंजीकरण किया गया था। जिले में लगभग 1,550 हथकरघा हैं, जो लगभग 1,850 बुनकरों को आजीविका प्रदान करते हैं। वर्तमान में, पीएलआई योजना में सिवान लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित कोई एजेंसी/कंपनी शामिल नहीं है। तथापि, सिवान के पास हाजीपुर (बिहार) से पीएलआई योजना के तहत वस्त्र क्षेत्र की एक भागीदार कंपनी अर्थात् मेसर्स एनजेड सीज़नल वियर प्राइवेट लिमिटेड है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, सिवान में वर्तमान में ऐसा कोई वस्त्र पार्क नहीं है। तथापि, सरकार ने वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार सृजित करने के लिए हथकरघा बुनकरों को सहायता प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी), वस्त्र क्षेत्र में कौशल विकास और क्षमता निर्माण के लिए समर्थ योजना तथा प्रदर्शनियों, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और सरकारी खरीद पहलों के माध्यम से विपणन सहायता जैसे कई कदम उठाए हैं

******